TickMark.Ai
Mumbai

Class: EM - CLASS 9 | **Subject:** Hindi | **Time:**1 hrs
Date: 13-01-2025 | **Paper:** Unit 2 | **Marks:**20

1) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढकर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए **(6)**

(1) आकृती पूर्ण कीजिए: (2)

परिवार के सदस्य

(1) .... (2) ....

(3) .... (4)....................................

अमिता ताली पीटकर बोली, "पिता जी, मैं रोज आइसक्रीम खाया करूँगी ।" हेमंत ने कहा, "मैं बर्फ के क्यूब चूसूँगा ।"

तभी बगल की छत से आवाज आई, "यह आइसक्रीम रोज-रोज कौन बना रहा है ? क्या अमिता के पिता जी रेस्ट्रॉं खोल रहे हैं ?"

हेमंत चिल्लाया, "नहीं ताऊ जी, कल हमारा रेफ्रीजरेटर आ रहा है ।"

अमिता भी खिलखिलाई, "उसमें रोजाना आइसक्रीम जमाया करेंगे ।"

ताऊ जी ने कहा, "क्या लॉटरी वाले की बाबत कह रहे हो ? वह तो मेरे नाम आ रहा है ।"

मैंने नम्र स्वर से पड़ौसी दीनदयाल को पुकारा, "क्या आपने भी उत्तर भर कर भेजा है ?"

"हॉं ! क्योंकि मेरा उत्तर तुमसे सही है इसलिए रेफ्रीजरेटर मिलेगा तो मुझे ! खैर बच्चो ! आइसक्रीम तो तुम्हें खिलानी ही पड़ेगी ।" बच्चे मायूस हो गए ।

किस्मत की बात है, अगले दिन लॉटरी खुली और रेडियो पर पता चला कि जिसके सब उत्तर ठीक है, उन दो भाग्यवानों में से एक मैं हूँ ।

रेफ्रीजरेटर मुंबई से आते-जाते काफी दिन लग गए । इतने में मैंने बिजली का प्रबंध कर लिया । उसका अना था कि सगे और संबंधियों में, मित्रों और मोहल्ले में धूम मच गई । सब देखने आने लगे जैसे कोई बहू को देखने आता है । मुझे शक है यदि मैं अपने कमाए पैसों से खरीदता तो भी ऐसी भीड़ लगती क्या ? यह सब लाटरी का प्रताप था ।

(2) एक शब्द में उत्तर लिखिए: (2)

(1) रेफ्रीजरेटर कहाँ से आते-आते काफी दिन लग गए ?
(2) लेखक ने रेफ्रीजरेटर आने से पहले किसका प्रबंध कर लिया ?
(3) कौन मायूस हो गए ?
(4) लेखक के पडोसी का क्या नाम था ?

(3) आपके द्वारा जीती गई किसी प्रतियोगिता और उसमें प्राप्त पुरस्कार के बारे में लिखिए | (2)

2) निम्नलिखित पद्यांश पढ कर सूचना के अनुसार कृतियां कीजिए **(5)**

(1) आकृति पूर्ण कीजिए: (2)

सिंधु के घाटों पर
- खनकती है ....
- गूँजती है ....
- गरजती है ....
- शहीद होते हैं ....

लेकिन क्या बताऊँ
और कैसे कहूँ
कभी-कभी
बहता हुआ आता है लहू
जब मेरे घाटों पर
खनकती हैं तलवारें
गूँजती हैं टापें
गरजती हैं तोपें
होते हैं धमाके
और शहीद होते हैं

TickMark.Ai

रणबांकुरे बांके,
मैं नहीं पूछता
कि वे थे कहाँ के ।
मैं नहीं देखता
कि वे यहाँ के हैं
कि वहाँ के ।

मैं तो सबके घाव धोता हूँ
विधवा की आँखों में
आँसू बनकर मैं ही तो रोता हूँ ।

ऐसे बहूँ या वैसे
प्यारे मनुष्यों, बताऊँ कैसे
मैं सिंधु में बिंदु हूँ,
बिंदु में सिंधु हूँ,
लहराते बिंबों में
झिलमिलाता इंदु हूँ ।

(2) निम्न शब्दों के लिए प्रश्न तैयार कीजिए: (1)

तलवारें

(3) निम्नलिखित काव्यपंक्तियों का सरल भावार्थ लिखिए: (2)

लेकिन क्या बताऊँ .... रणबांकुरे बाँके

3) निम्नलिखित शब्दों में उपसर्ग लगाकर नए शब्द लिखिए **(1)**

(1) गुण - (2) नाश -

4) निम्नलिखित शब्दों में प्रत्यय लगाकर नए शब्द लिखिए **(1)**

(1) शुद्ध - (2) स्वार्थ -

5) निम्नलिखित शब्दों के विरुद्धार्थी शब्द लिखिए **(1)**

(1) अंधकार x (2) शुभ x

6) निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए **(1)**

(1) राजकुमारी - (2) माली -

7) प्रसंग वर्णन **(5)**

निम्नलिखित संदर्भ के आधार पर प्रसंग वर्णन कीजिए.

मैं एक दिन घुमता हुआ नदी किनारे चला गया | वहां मैने देखा की कल - कारखानों से दूषित पाणी नदी में छोडा जा रहा था, महिलाएं कपडे धो रही थी, लोग गाडीयां धो रहे थे। नदी की यही अवस्था मुझे दिखाई दी।

All the Best

TickMark.Ai